Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of Electric Loco Periodical Overhauling Workshop in Kalahandi Parliamentary Constituency, Odisha.-Laid

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): मेरा क्षेत्र कालाहांडी देश का बहुत पिछड़ा क्षेत्र है, जिसमें दो जिले नुआपड़ा और कालाहांडी है जो कि आज भी कई सुविधाओं से वंचित हैं और दोनों ही जिले आदरणीय प्रधानमंत्री जी के परिकल्पना के अनुसार आकांक्षी जिले हैं । लोग काम के अभाव में राज्य को छोड़कर दूसरे राज्यों में पलायन करते है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहूँगा कि केंद्रीय सरकार ने मेरे क्षेत्र कालाहांडी के नरला विधानसभा में एक नई रेलवे परियोजना "इलेक्ट्रिक लोको पेरिओडिकल ओवरहालिंग वर्कशॉप" की रु. 186.37 करोड़ की लागत से मंजूरी दी है । लेकिन अब तक कार्य आरंभ नहीं हुआ । इस परियोजना के लिए ओडिशा सरकार द्वारा 328.35 एकड़ जमीन रेलवे को प्रदान की जानी है, जिसमें से 141.07 एकड़ भूमि रेलवे द्वारा अधिग्रहित की जा चुकी है ।

मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि उक्त परियोजना को संज्ञान में लिया जाए और रेलवे द्वारा अधिग्रहित भूमि पर कार्य प्रारंभ करने की कृपा करें ताकि एक उद्योग की भी शुरुआत हो जाए और रोजगार का भी सृजन हो सके । भारत को आत्मनिर्भर बनाने के तर्ज पर और नए रोजगार स्थापित करने के लिए यह कार्य बहुत ही आवश्यक है ।